हिन्दी सान्ध्य दैनिक   जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–237 : जौनपुर, शुक्रवार 26 मई 2023   सान्ध्य दैनिक ( संस्करण )   पेज –4   मूल्य : 2 रूपया

## सामान्य जनता से जुड़ी मोदी सरकार की नौ योजनाएं : आम जिंदगी पर पड़ा असर

नई दिल्ली ब्यूरो : प्रधानमंत्री मोदी ने इन नौ सालों में कई कल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया। इसके जरिए आम लोगों को बड़ी राहत मिली तो कई तरह के सवाल भी खड़े हुए। आइए जानते हैं सरकार की नौ बड़ी योजनाओं के बारे में...मोदी सरकार के नौ साल आज पूरे हो रहे हैं। 26 मई 2014 को उन्होंने पहली बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। इसके बाद 2019 में वे दोबारा प्रधानमंत्री बने। इसका लाभ भी अरबों देशवासियों को मिला, लेकिन आज हम आपको उन नौ योजनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जरिए आम आदमी की जिंदगी काफी बदल गई। गरीब कल्याण अन्न योजना –: कोरोनाकाल में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की। इसके तहत लाभार्थी को उसके सामान्य कोटे के अलावा प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन दिया जाता है। एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड स्कीम के तहत कोई भी व्यक्ति देश के किसी कोने में इस योजना का लाभ ले सकता है। योजना का असर :...सरकार का दावा है कि इस योजना से हर साल करीब 80 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है। कोरोनाकाल में शुरू हुई योजना को पिछले साल मार्च में ही खत्म होना था। लेकिन इसे बढ़ा दिया गया है। इस साल केंद्र सरकार 2023 में एनएफएसए और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्य सब्सिडी के रूप में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय करेगी, जिससे गरीबों और अत्यंत निर्धनों के वित्तीय बोझ को दूर किया जा सके। योजना को लेकर क्या सवाल हैं: राशन की क्वालिटी को लेकर भी विपक्ष हमेशा सरकार पर निशाना साधता है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत समय पर गरीबों को राशन न मिलने का आरोप भी लगता है। 2. उज्ज्वला योजना –: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक मई 2016 को इस योजना को लॉन्च किया था। योजना की शुरुआत में पांच करोड़ गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने का लक्ष्य था। बाद में इसे बढ़ाकर आठ करोड़ कर दिया गया। आठ करोड़ कनेक्शन मार्च 2020 तक दिए जाने थे। इसे सरकार ने सात महीने पहले यानी अगस्त 2019 में ही पूरा कर लिया। 2021–22 में एक करोड़ कनेक्शन और बांटने का लक्ष्य रखा गया। अगस्त 2021 में प्रधानमंत्री ने उज्जवला 2.0 की शुरुआत की। अब तक इस योजना के तहत 9.58 करोड़ एलपीजी गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। योजना का असर : इस योजना के तहत बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को फ्री गैस कनेक्शन बांटे गए। इससे सबसे बड़ा फायदा उन गरीब महिलाओं को हुआ, जो धुएं में खाना बनाने को मजबूर थीं। योजना को लेकर क्या सवाल हैं उज्ज्वला गैस योजना के असर पर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है। कहा जाता है कि पहली बार तो गैस सिलेंडर मुफ्त मिलता है, लेकिन जब दूसरी बार भरवाने की बारी आती है तो इसकी भारी रकम की वजह से गरीब ऐसा नहीं करा पाते। हाल ही में एक आरटीआई में भी ऐसा ही खुलासा हुआ। इसमें बताया गया कि करीब 90 लाख लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना में मिले सिलेंडर को एक बार भी नहीं भरवाया। वहीं, 1.08 करोड़ लाभार्थियों ने पिछले एक साल में केवल एक बार सिलेंडर रिफिल करवाया। 3. पीएम किसान सम्मान निधि–: छोटे और सीमांत किसान परिवारों (जिनके पास 2 हेक्टेयर तक जमीन है) को इस योजना का लाभ मिलता है। योजना के तहत सरकार किसान परिवारों को सालाना छह हजार रुपये देती है। ये राशि तीन किश्तों में दी जाती है। योजना का असर : सरकार की तरफ से मिलने वाली इस निधि से छोटे किसानों को काफी फायदा मिला है। इसके जरिए किसान आसानी से अपनी फसल तैयार कर पाते हैं। खाद, बीज, पानी और अन्य खर्चों को पूरा करने में मदद मिलती है। योजना को लेकर क्या सवाल हैं: यूं तो इस योजना पर कोई सवाल नहीं उठता है, लेकिन कई बारविपक्ष इस राशि को बढ़ाने की मांग उठा चुका है। 4. आयुष्मान भारत –: 23 सितंबर 2018 को लॉन्च की गई यह स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसके तहत गरीब वर्ग के एक परिवार को पांच लाख रुपये तक का बीमा दिया जाता है। इसका मकसद है कि बीपीएल कार्ड धारक गरीबों को मुफ्त इलाज मिल सके। देशभर में ऐसे बीपीएल कार्ड धारक गरीब परिवारों की संख्या करीब 10 करोड़ है, जबकि 50 करोड़ लोग इसका फायदा उठा सकेंगे। योजना का असर: आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक देशभर में 39 करोड़ से ज्यादा कार्ड जारी किए जा चुके हैं। 10 करोड़ से ज्यादा गरीब इसका लाभ ले चुके हैं। खासतौर पर कैंसर और हार्ट संबंधी गंभीर बीमारियों का इससे आसानी से इलाज हो सकता है। अब इसमें मेंटल हेल्थ जैसे अन्य जरूरी बीमारियों का इलाज भी जुड़ चुका है। योजना को लेकर क्या सवाल हैं: इस योजना पर फिलहाल कोई सवाल नहीं उठा है। हालांकि, धोखाधड़ी के कुछ मामले जरूर सामने आए हैं। इन मामलों में किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर कार्ड जारी कराकर सुविधाओं का लाभ लिया जा रहा है।5. स्वच्छ भारत मिशन –:इस मिशन के तहत 2014 से लेकर अब तक देशभर में 15 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनवाए




गए। दुनिया में अपनी तरह के इस सबसे बड़े अभियान के तहत 50 करोड़ परिवारों को लाभ हुआ और उनके जीवन–स्तर में सुधार आया। योजना का असर : स्वच्छ भारत मिशन का ही असर है कि आज देश के करीब एक लाख गांवों में लोग खुले में शौच करना बंद कर चुके हैं। सरकार ने 40 हजार से ज्यादा गांवों को उदीयमान श्रेणी में रखा है। ये वो गांव हैं, जो ओडीएफ होने के साथ–साथ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर भी काम कर रहे हैं। 11 हजार 217 गांवों को उज्ज्वल श्रेणी में रखा गया है। ये वो गांव हैं, जिन्होंने ओडीएफ के साथ–साथ सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए भी काम किया। 20 हजार 828 गांवों को उत्कृष्ट दर्जा दिया गया है। यहां की साफ–सफाई काफी सराहनीय है। योजना को लेकर क्या सवाल हैं: विपक्ष का आरोप है कि इस योजना का कोई फायदा नहीं मिला है। आज भी लोग खुले में शौच जाते हैं। सही तरह से शौचालय नहीं बनाए गए हैं। कई जगहों पर भ्रष्टाचार का भी आरोप है। 6. प्रधानमंत्री आवास योजना –: यह योजना शहरी तथा ग्रामीण लोगों के लिए है। इसके तहत जिन लोगों के पास कच्चे मकान हैं, जिनके पास छत नहीं हैं, वो पीएम आवास योजना के तहत घर के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत गरीबों को मकान बनवाने के लिए राशि दी जाती है। इसके अलावा कम आय वाले लोगों को होम लोन में भी सब्सिडी दी जाती है। योजना का आगाज 25 जून 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। योजना का असर : इसके तहत अब तक 1.22 करोड़ लोगों को आवास आवंटित हो चुके हैं। योजना में अब तक कुल 8.31 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है। शहरी इलाकों में कम आय वाले नौकरी–पेशा लोग भी इस योजना का लाभ उठाकर होम लोन ले रहे हैं। योजना को लेकर क्या सवाल हैं: कई बार अपात्रों को पीएम आवास आवंटित होने की खबरें आती हैं। कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों द्वारा योजना में भ्रष्टाचार करने के मामले भी सामने आते रहे हैं। 7. हर घर नल योजना –: 2019 के बजट में वित्त मंत्री ने इसका एलान किया। योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाना है। इसके अंतर्गत 2030 तक प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसे अब 2024 कर दिया गया है। योजना का असर: इस मिशन के तहत अभी तक छह करोड़ घरों में नल के जरिए पानी की सप्लाई शुरू हो चुकी है। बुंदेलखंड और सूखा ग्रस्त इलाकों में योजना का काफी लोगों को लाभ मिला है। योजना के तहत 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पीने योग्य जल उपलब्ध कराया जा रहा है। 8. प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना –: इस योजना का मुख्य फोकस बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, जम्मू–कश्मीर, राजस्थान और पूर्वोत्तर राज्यों के गरीब लोगों को बिजली उपलब्ध कराना है। सौभाग्य योजना की शुरुआत 25 सितम्बर 2017 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर की गई थी। इस योजना के तहत जिन लोगों का नाम सामाजिक–आर्थिक जनगणना में नहीं है, उन्हें बिजली का कनेक्शन सिर्फ 500 रुपये के शुल्क पर मिलता है। ऐसे लोग यह 500 रुपये भी दस आसान मासिक किस्तों में चुका सकते हैं। योजना का असर: सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इसके तहत 21 करोड़ 44 लाख से ज्यादा घरों तक बिजली का कनेक्शन पहुंचा। कई ऐसे गांव और घर में भी बिजली पहुंची, जहां आजादी के बाद से अब तक बिजली नहीं थी। अब केवल 18 हजार 734 घर ही ऐसे बचे हैं, जिन्हें इस योजना के जरिए लाभ देना है। 9. मेक इन इंडिया योजना –: 28 सितंबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना को लॉन्च किया। इसके जरिए सभी तरह के उत्पादन और सर्विसेज को भारत में तैयार करने का उद्देश्य रखा गया था। केंद्र सरकार ने इसे मजबूती से लॉन्च किया और आज देश में बड़े पैमानें पर सूई से लेकर लड़ाकू विमान तक तैयार हो रहे हैं। कई विदेशी कंपनियों ने भारत में अपने उत्पादन यूनिटें खोल ली हैं। इसके चलते भारतीय युवाओं को रोजगार भी बड़े पैमाने पर मिल रहा है। एविएशन, ऑटोमोबाइल, मोबाइल, बायोटेक्नोलॉजी, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, गैस, इलेक्ट्रिकल मशीनरी, फार्मा, पोर्ट्स, आईटी, मीडिया, रेलवे, थर्मल पॉवर समेत कई क्षेत्रों की कंपनियां अब भारत में उत्पादन शुरू कर चुकी हैं।

## बीएससी एजी के चतुर्थ वर्ष छात्रों का राबे पर भ्रमण

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के बी एस सी के चतुर्थ वर्ष के छात्र–छात्राओं का राबे के तहत ग्राम गौरा बरामऊ को चयनित किया गया था जिसमें से लगभग 41 छात्र–छात्राएं एक एक किसान को तो 2 छात्रों को चयनित किया गया था जिसे विश्वविद्यालय से हफ्ते में एक दिन किसानों के साथ अपने अनुभव शेयर किए इसी कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय से सभी छात्रों के साथ डॉ भानु के नेतृत्व में छात्रों का भ्रमण कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें से सर्वप्रथम ग्राम गौरा में सुहेल आलम की आम के बाग में पहुंचे जहां पर विभिन्न प्रजातियों की फलों को देखें बाग में पैक हाउस में किए जा रहे पैकिंग का भी अनुभव प्राप्त किया इसके बाद नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बरासिन पहुंचे जहां पर मीटिंग हॉल में वैज्ञानिकों ने अपने–अपने अनुभव छात्रों के साथ शेयर किए केवीके अधीक्षक डॉक्टर बीपी सिंह ने केवीके के बारे में बिधवत जानकारी दी और बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने का माध्यम है जिसके तहत किसानों को पशुपालन मत्स्य पालन कुटकुट पालन



एवं खेती–किसानी संबंधी सभी समस्याओं का निदान का केंद्र है जिससे किसान संपर्क में आकर अपने सभी समस्याओं का निदान कर सकता है इनके अलावा डॉ विनोद सिंह,हिमांशू ने भी अपने विचार रखे रावे की टीम प्रतापगढ़ के आंवले के से बनने वाले खाद्य पदार्थ पदार्थों की फैक्ट्री मे कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की साथ ही साथ एक गांव के ब्रिगेडियर अमर फार्म हाउस पर भी गये जहां पर विभिन्न प्रजातियों के इमारती लकड़ी नींबू लीची अंजीर अमरूद चंदन आदि विभिन्न प्रजातियों के लगे हुए पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्र विकास चौरसिया ने बताया कि इस भ्रमण से छात्रों के लिए लाभकारी साबित होगा भविष्य में यह सारे अनुभव अनमोल साबित होंगे।

## टीडी कॉलेज के शिक्षक ने विद्या के मंदिर की गरिमा को किया तार तार : वीडियो वायरल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना अंतर्गत टीडी कॉलेज के एक शिक्षक द्वारा छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसको लेकर पुलिस ने स्वतः संज्ञान में लेते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। तो वही प्रिंसिपल ने भी आरोपी शिक्षक से स्पष्टीकरण मांग लिया है। पूरा मामला शुक्रवार सुबह का है जब शिक्षक का वीडियो सोसल मीडिया में वायरल हुआ तो कालेज सहित शहर में हड़कंप मच गया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सबसे अच्छे महाविद्यालय में शुमार तिलकधारी सिंह महाविद्यालय को पूर्वांचल का गौरव माना जाता है उसी कॉलेज के प्राचीन इतिहास विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ प्रदीप सिंह ने ऐसी हरकत कर दी कि इस प्रतिष्ठित कालेज के इतिहास को धुमिल कर दिया जिसके कारण कॉलेज ही नहीं पूरा विश्वविद्यालय प्रशासन शर्मसार है। शिक्षक के हरकत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिक्षक के वायरल वीडियो से आक्रोशित छात्रों ने भी कॉलेज प्रशासन के खिलाफ शिक्षक की हरकत को लेकर प्राचार्य से मुलाकात कर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।इस मामले में कॉलेज के प्राचार्य आलोक कुमार सिंह



ने जानकारी देते हुए बताया कि वायरल हो रहे वीडियो आधार पर आरोपित शिक्षक से स्पष्टीकरण मांग लिया है। उनके पर्सनल व्हाट्सएप नंबर और मेल आईडी पर उन्हें मेल करके उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है शिक्षक के ऊपर कार्रवाई करने का पूरी तरह से प्रबंधक के अधिकार क्षेत्र में है जैसा प्रबंधक का दिशानिर्देश होगा उस पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक शहर बृजेश कुमार ने पूछने पर बताया कि नहीं कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा प्रबंधक द्वारा नहीं पीड़ित छात्रा द्वारा कोई शिकायत दर्ज कराई गई है ऐसे में कोई मामला भी दर्ज नहीं किया गया है यदि प्रार्थना पत्र पड़ता है तो उसे विधिक कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में शिक्षक एक छात्रा के साथ सहवास के लिए उसे उस पर दबाव बना रहा है। छात्रा ने शिक्षक की पूरी हरकत का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित छात्रा बीए की बताई जा रही है।

## जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड सिकरारा के ग्राम पंचायत मीरगंज में जन चौपाल का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : शासन की मंशा के अनुरुप जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकासखंड सिकरारा के ग्राम पंचायत मीरगंज में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्राम सचिव प्रमोद यादव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 105 लाभार्थियों को वृद्धा पेंशन, 25 को विधवा और 16 को दिव्यांग पेंशन दिया जा रहा है। 378 राशन कार्ड धारक राशन का लाभ प्राप्त कर रहे है। जिलाधिकारी ने चौपाल में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन पात्र लोगों का नाम छूट गया है उनका नाम दर्ज कराते हुए शासन के द्वारा चलाई जा रही सम्पूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुक करते हुए लाभ दिलाये। जिलाधिकारी ने लेखपाल को निर्देशित किया की गांव में वरासत की कोई पेंडेंसी न रहे साथ में गांव के सभी भूमि सम्बन्धी विवाद को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि खराब हैंडपंपों को जल्द से जल्द रिबोर करा लिया जाय। जिलाधिकारी ने जन चौपाल में एक्सईएन विद्युत, एमओआईसी सहित अन्य अधिकारियों को अनुपस्थित



होने पर स्पष्टीकरण देने के साथ 01 दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप जन चौपाल का आयोजन किया जाये और अधिक से अधिक आमजनमानस की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शासन द्वारा चलाई गयी योजनाओं के बारे में लोगो को जागरुक किया जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बृजभान सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल व अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## 08 जुलाई 2023 को विशेष लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि माननीय कार्यपालक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार विशेष लोक अदालत के द्वारा दिनांक 08 जुलाई 2023 को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वादो के सम्बन्ध में एक विशेष लोक अदालत आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन में समस्त राष्ट्रीय एवं निजी क्षेत्र की बीमा कम्पनी, विद्वान अधिवक्तागण, वादकारीगण एवं जन–सामान्य को अवगत कराया जाता है कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में सुलह समझौते के द्वारा वाहन दुर्घटना प्रतिकर याचिकाओं का निस्तारण करने के लिए विशेष लोक अदालत 08 जुलाई 2023 द्वितीय शनिवार को आयोजित की जायेगी जिसमें भाग लेकर अधिकतम संख्या में प्रतिकर याचिकाओं का निस्तारण किये जाने में सहयोग करें ताकि लोक अदालत के उद्देश्य की पूर्ति हो सके।

## चोरों का हौंसला बुलंद : थाने से महज पांच सौ मीटर पर की लूट

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कूरेभार थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद। बीती रात थाने से महज 500 मीटर दूरी पर हाइवे पर सिद्दीगनेशपुर गांव में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान सहित कुल 3 दुकानों की टूटे तले। लाखों के समान हुए चोरी। पुलिस जुटी जांच पड़ताल में। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव बोले,की जा रही मामले की जांच पड़ताल। तहरीर पर दर्ज किया जाएगा मुकदमा।

## सपथ ग्रहण समारोह में पहुचे प्राविघिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शहर के पं राम नरेश त्रिपाठी सभागार पहुंचे प्राविधिक शिक्षा/जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल। अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जन




प्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम। डीएम जसजीत कौर ने नवनिर्वाचित चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल एवं सभासदों को दिलाई शपथ। मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह,विधायक विनोद सिंह,राज प्रसाद उपाध्याय,राजेश गौतम,सीताराम वर्मा,जिलाध्यक्ष आरए वर्मा,सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार रहे मौजूद। एसपी सोमेन वर्मा ने जताया अतिथियों का आभार।

## जिलाधिकारी द्वारा विकासखण्ड सिकरारा में बन रहे अमृत सरोवर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने विकासखण्ड सिकरारा की ग्राम पंचायत डमरूआ में बन रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव



ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि तालाब की लागत लगभग रु. 9.57 लाख प्रस्तावित है। जिसपर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि तालाब के बन्धे की ऊचाई लगभग 05 मीटर रहे और हरियाली के दृष्टिगत बन्धे पर वृहद रूप से पौधरोपड़ किया जाए और कहा कि तालाब का निर्माण मानक और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, ग्राम प्रधान अरूण सरोज, सचिव अखिलेश सरोज सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# मलबे के ढेरों तले दब गई बद्रीनाथ पुरी : गुम हो रही पौराणिक धाराएं

बैंकुंठ धाम के नाम से भी पुकारे जाने वाले बद्रीनाथ धाम की यात्रा इन दिनों चरम पर पहुंच रही है। जून के महीने में तो सारा ही देश इस हिमालयी तीर्थ की ओर उमड़ पड़ता है। लेकिन आत्मिक शांति देने वाली बद्रीनाथ पुरी इन दिनों चारों ओर मलबे के ढेरों में बदली हुई है।

मास्टर प्लान के नाम पर करोड़ों सनातन धर्मावलम्बियों की आस्था के केन्द्र बद्रीनाथ धाम की रातों–रात कायापलट की सनक के कारण यह सर्वोच्च तीर्थ आज मलबे के ढेरों में तब्दील हो गया है। भारी मशीनों से अलकनन्दा तट समेत जहां तहां खुदाई के कारण इस उच्च हिमालयी क्षेत्र का पारितंत्र प्रभावित हो रहा है। सन् 1974 की विशेष कमेटी की रिपोर्ट की अनदेखी कर किए जा रहे बेतहाशा निर्माण कार्यों और खुदाई के कारण भगवान बद्रीनाथ के अभिषेक के लिए पानी देने वाली क्रूम धारा बंद हो गई है। बद्रीनाथ पुरी के निचले हिस्से में भूधंसाव प्रकट होने के साथ ही कुछ स्थानों पर दरारें देखी जा सकती हैं।

विशेषज्ञ आशंकित हैं कि अगर भूवैज्ञानिकों की देखरेख में बद्रीनाथ के मास्टर प्लान का निर्माण कार्य नहीं कराया गया और धाम के मौलिक स्वरूप से इसी तरह छेड़छाड़ जारी रही तो भविष्य में केदारनाथ के जैसी आपदा की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

कहीं खोद रहे तो कही रौंद रहे हैं धर्म नगरी को

बैंकुंठ धाम के नाम से भी पुकारे जाने वाले बद्रीनाथ धाम की यात्रा इन दिनों चरम पर पहुंच रही है। जून के महीने में तो सारा ही देश इस हिमालयी तीर्थ की ओर उमड़ पड़ता है। लेकिन आत्मिक शांति देने वाली बद्रीनाथ पुरी इन दिनों चारों ओर मलबे के ढेरों में बदली हुई है।

दानदाताओं द्वारा यात्रियों के आश्रय के लिए बनाई गई धर्मशालाओं की जगह विशाल मलबे के ढेर नजर आ रहे हैं। मास्टर प्लान के नाम पर पंडे पुरोहितों, दुकानदारों तथा हक हकूकधारी समाज की सैकड़ों वर्ष पुरानी बसागत को नए निर्माण के लिए एक झटके में ध्वस्त कर दिया गया है। रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के नाम पर बद्रीनाथ मंदिर के चरणों से गुजर रही अलकनंदा के तट को भारी मशीनों से खोदा जा रहा है।

तीर्थयात्री भी किसी तरह दर्शन कर वहां से लौटने को आतुर दिख रहे हैं। यही नहीं बद्रीनाथ मंदिर के लिए स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी सैकड़ों नाली भूमि दान दी गई थी, जिस पर प्रशासन बिना मंदिर समिति को विश्वास में लिए कहीं दुकानें निर्मित करवा रहा है तो कहीं बाकायदा भूमि पूजन कर आवास बनवा रहा है।

पौराणिक महत्व की धाराएं गुम हो गईं

बेतहाशा और अवैज्ञानिक निर्माण के दुष्परिणाम का पहला संकेत क्रूम और प्रह्लाद जलधाराओं के बंद होने से सामने आने लगा है। जहां पर ये धारे थे वहां मलबे के बड़े ढेर नजर आ रहे हैं। ये दोनों ही जल श्रोत पौराणिक महत्व के थे। क्रूम धारा के जल से भगवान बद्रीनाथ का अभिषेक होता है। विशेषज्ञों के अनुसार मंदिर और बद्रीनाथ पुरी के नीचे बहने वाली अलकनंदा के तट पर जेसीबी मशीनों से की जा रही खुदाई के कारण ये जलधाराएं बन्द हुई हैं और अगर आगे भी इसी तरह काम होता रहा तो बद्रीनाथ के गर्म पानी के तप्तकुण्ड भी एक दिन सूख जाएंगे। जल श्रोतों के नीचे खुदाई करने से अक्सर वे अपना भूमिगत मार्ग बदल देती हैं।

अगर वहां शेषनेत्र झील के आसपास भी इसी तरह भारी मशीनों से खुदाई की गई, तो इस झील का सूखना भी अवश्यंभावी है। यही नहीं रिवर फ्रंट डेवेलपमेंट के नाम पर अलकनन्दा तट पर बड़े पैमाने पर हो रही खुदाई से बद्रीनाथ पुरी का समूचा भूमिगत जलतंत्र अस्तव्यस्त होने की आशंका जताई जा रही है। अगर ये प्राकृतिक गर्म पानी के श्रोत भटक गए तो मंदिर में दर्शन से पहले तीर्थयात्रियों के लिए स्नान की समस्या खड़ी हो जाएगी।

कहीं दरारें कहीं धंसाव दिला रहा जोशीमठ की याद

भारी मशीनों से खुदाई का असर बद्रीनाथ पुरी में भूधंसाव के रूप में दिखाई देने लगा है। बाजार के निचले हिस्से में भूधंसाव साफ नजर आ रह है। कुछ भवनों की बुनियाद खोद डालने से उनके गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। भूधंसाव के कारण पण्डे पुजारियों की कालोनी, पंचभैया मोहल्ला को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। बाजार गली में दरारें बढ़ गई हैं। प्रशासन ने दरार वाले स्थान के दोनों ओर यात्रियों की सुरक्षा के लिए दीवार खड़ी कर दी है।

रास्ता बंद होने से यात्रियों का आना जाना अब कुबेर गली से किया जा रहा है। बाजार में बिहारीलाल शाह और सरदार जी की दुकान के नाम से पुकारे जाने वाले स्थल तक लगभग 50 मीटर लम्बी दरार प्रकट होने से लोगों को बद्रीनाथ का जोशीमठ जैसा हस्र होने का अंदेशा सता रहा है। लेकिन भूविज्ञानियों का कहना है कि बद्रीनाथ एक समतल स्थल होने के कारण वहां जोशीमठ जैसी नौबत नहीं आएगी।

अलकनन्दा में डाल रहे मलजल संयंत्र की गंदगी

बद्रीनाथ मास्टर प्लान के नाम पर इस पौराणिक स्थल की मौलिकता से छेड़छाड़ तो हो ही रही थी लेकिन निर्माण कंपनी बद्रीनाथ के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लाण्ट के मलमूत्र भरे टैंक को अलकनन्दा में खाली कर गंगा की पवित्रता को भी दूषित कर रही है। एक तरफ सरकार गंगा की पवित्रता और निर्मलता के लिए नमामि गंगे प्रोजेक्ट पर खरबों रुपये खर्च कर रही है और दूसरी तरफ गंगा के उद्गम पर ही उसे मैला कर सरकार के इरादे पर पानी फेरा जा रहा है। मलजल शोधन संयंत्र से अलकनन्दा में प्रवाहित हो रही गंदगी का वीडियो वायरल होने पर करोड़ों सनातन धर्मावलम्बियों की भावनाएं भी आहत हो रही हैं।

विशेषज्ञ कमेटी ने मना की थी मौलिक स्वरूप से छेड़छाड़

इससे पहले 1974 में भी बसंत कुमार बिड़ला की पुत्री के नाम पर बने बिड़ला ग्रुप के जयश्री ट्रस्ट ने भी बद्रीनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कर उसे नया स्वरूप देने का प्रयास किया था। उस समय सीमेंट कंकरीट का प्लेटफार्म बनने के बाद 22 फुट ऊंची दीवार भी बन गई थी और आगरा से मंदिर के लिए लाल बालू के पत्थर भी पहुंच गए थे। लेकिन चिपको नेता चण्डी प्रसाद भट्ट एवं गौरा देवी तथा ब्लाक प्रमुख गोविन्द सिंह रावत आदि के नेतृत्व में चले स्थानीय लोगों के आन्दोलन के कारण उत्तर प्रदेश की तत्कालीन हेमवती नन्दन बहुगुणा सरकार ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था।

इस सम्बन्ध में 13 जुलाई 1974 को उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री बहुगुणा ने अपने वरिष्ठ सहयोगी एवं वित्त मंत्री नारायण दत्त तिवारी की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की घोषणा की थी। इस कमेटी में भूगर्व विभाग के विशेषज्ञों के साथ ही भारतीय पुरातत्व विभाग के तत्कालीन महानिदेशक एम.एन. देशपांडे भी सदस्य थे। कमेटी की सिफारिश पर सरकार ने निर्माण कार्य पर पूर्णतः रोक लगवा दी थी।

तिवारी कमेटी ने बद्रीनाथ धाम की भूगर्वीय और भूभौतिकीय एवं जलवायु संबंधी तमाम परिस्थितियों का अध्ययन कर बद्रीनाथ में अनावश्यक निर्माण से परहेज करने की सिफारिश की थी। लेकिन बद्रीनाथ के इतिहास भूगोल से अनविज्ञ उत्तराखंड की मौजूदा सरकार ने मास्टर प्लान बनाने में इस सरकारी विशेषज्ञ कमेटी की सिफारिशों की तक अनदेखी कर दी। जिसका नतीजा सामने आने लगा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# नसरीन बानो ने ली नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद व गोपनीयता की शपथ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शुक्रवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका परिषद, शाहाबाद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष नसरीन बानो और उनकी पालिका सदस्यों वाली नई कैबिनेट को उपजिलाधिकारी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगरपालिका परिषद कार्यालय के सामने स्थित नेहरू म्युनिसिपल कन्या इंटर कालेज के प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नसरीन बानो और 25 सभासदों को शपथ दिलाई।सभी नवनिर्वाचितो ने जनता से किए गए वादे को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई।इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू ने कहा कि लगातार छठी बार पालिका की कुर्सी सौपने का सर्वसमाज का यह एहसान वे इस जीवन मे नही उतार सकते।यह जीत सर्वसमाज की जनता की है।नवनिर्वाचित उनकी पत्नी जनता द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वाहन करेगी।किसी को कोई शिकायत का मौका नही मिलेगा।सर्वसमाज के सम्मान के साथ नगर में चहुमुखी विकास जारी रहेगा।पूर्व विधायक ने सद्भभावना का संदेश देते हुए कहा कि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने शाहाबाद का सीमा विस्तार करवाकर गांवों के विकास का जो सपना देखा है उस सपने को अब नवनिर्वाचित अध्यक्ष नसरीन बानो द्वारा पूरा किया जाएगा।उनके इस फैसले को सही साबित किया जाएगा।इन गांवों की तस्वीर बदल जाएगी और जल्द ही यह गांव विकास को अग्रसर होंगे।उन्होंने कहा कि 25 वर्षो से लगातार वे नगर की सर्वसमाज की जनता उन्हें सेवा करने का अवसर दे रही है और वे सदैव नगर की गंगा जमुनी तहजीब की कायम रखकर सभी



वार्डो में समुचित विकास को प्रयासरत रहे है।शपथ ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष नसरीन बानो ने कहा कि नगर के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगी और चौमुखी विकास कराया जाएगा।सर्वसमाज की जनता के विश्वास को कायम रखकर विकास कार्यो को गति प्रदान की जायेगी।इस मौके पर पालिका कार्यालय को फूल और गुब्बारों से सजाया गया था और शपथ लेने पहुँची नवनिर्वाचित अध्यक्षा का कर्मचारियों ने फूल गुलदस्ते,बुके देकर स्वागत किया। अम्बरीष कुमार सक्सेना के संचालन में हुए शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय, कोतवाल सुरेश कुमार मिश्रा,अधिशाषी अधिकारी आर आर अम्बेश आदि मौजूद रहे। सभी पच्चीस सदस्यों ने ली शपथ नगर पालिका परिषद, शाहाबाद में जनता के वोट से चुनकर आये सभी पच्चीस सदस्यों ने शपथ ग्रहण की।इनमे मुईद, प्रीति, रतीराम, ऋषिपाल,अतुल कुमार मिश्र,अहिबरन,इमरान,अनीता देवी,आदित्य कुमार वर्मा,शुएब खां,सुस्मिता,गुलशन,जिया जुनैद, महनूर जवी,नैना कुशवाहा,आरती देवी मौर्य,पूनम गुप्ता, इच्छाराम,लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,माशूक अली,अजीत कुमार सैनी,रिजवान अली खां,मुईद खां,फूल मियां,शैलकुमारी गुप्ता शामिल रहे।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर सहित 26 सभासदों ने ली शपथ

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद हरदोई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित 26 सभासदों ने रसखान प्रेक्षागृह में शपथ लेकर नगर के विकास का संकल्प दोहराया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर सहित 26 सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने अपनी संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि कार्यक्रम में असली दूल्हे के रूम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर व बराती के रूम में उनके सभी सभासदों को जीत के लिए बधाई। मंत्री श्री राठौर ने नगर की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब ट्रिपल इंजन की सरकार नगर को स्मार्ट सिटी बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाऐगी। उन्होंने अध्यक्ष श्री मिश्र सहित उनकी पूरी कैबिनेट को बधाई दी। मंत्री श्री राठौर ने कहा कि अब 5 साल तक नगर का खूब विकास होगा। यह ट्रिपल इंजन की सरकार विकास की योजनाओं को नीचे तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हर तरफ नालियां बजबजाती दिखाई देती थी आज केंद्र में मोदी तथा प्रदेश में योगी की सरकार में विकास चारों तरफ दिख रहा है उन्होंने अपने संबोधन में कहा की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प है कि देश की सभी शहरों से उत्तर प्रदेश के शहर सुंदर बनेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में तीसरी बार शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश अग्रवाल, प्रदेश सरकार में मंत्री नितिन अग्रवाल सहित नगर के प्रत्येक नागरिक के प्रति खुले हृदय से आभार जताया तथा अपने संबोधन में विश्वास दिलाया कि शहर को सुंदर बनाने में वह हमेशा तत्पर रहेंगे तथा नगर की जनता के लिए उनके दरवाजे 24 घंटे खुले रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से सांसद जयप्रकाश रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ,पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर, समाजसेवी राकेश अग्रवाल ,अवध क्षेत्र मंत्री पीके वर्मा, पूर्व विधायक धर्मज्ञ मिश्र, माधौगंज नगर पंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग



मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक मनीष मिश्र ने किया। मधुर के साथ 26 सभासदों ने ली शपथ नवनिर्वाचित नगर पालिका परिषद हरदोई अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर के अलावा पद व गोपनीयता की शपथ लेने वाले सभासदों में गीता, मंजू वर्मा, विद्या ,शुभम गुप्ता, संदीप, राजीव कुमार सिंह, संजय कश्यप, सोनी, शबाना नियाजी, अंशिका, शांति, राजकुमार गुप्ता, सुशीला, अजय शर्मा ,धर्म रुचि सिंह ,मीनू, प्रतीक्षा प्रियम मिश्रा, जमील अहमद अंसारी ,अरशद ,अभिषेक मिश्रा, रोहित, सुधीर गुप्ता ,वंदना, हफीज अहमद ,संदीप ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने नरेश व नितिन का भी जताया आभार नगर निकाय की हुए निर्वाचन में भाजपा के प्रत्याशियों कि जनपद में हुई जीत में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल व प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल के प्रयासों की भी सराहना हुई। शपथ ग्रहण समारोह में किन्ही कारणों से दोनों नेताओं मौजूदगी नहीं हो सकी जबकि शपथ ग्रहण समारोह के प्रमुख वक्ता के रूप में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल को रहना था लेकिन उन्हें प्रभारी के रूप में जिस जनपद का प्रभार मिला है वहां कार्यक्रम में जाना पड़ गया । इसलिए दोनो नेताओं की न मौजूदगी में मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर आभार जताना नहीं भूले। शपथ ग्रहण समारोह में नहीं दिखे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला रसखान परीक्षा ग्रह में आयोजित नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम प्रकाश शुक्ला तीन मौजूदगी लोगों में चर्चा का विषय बनी रही। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद हरदोई के लिए भाजपा के टिकट के लिए प्रत्यासी के रूप में सबसे मजबूत दावेदार रामप्रकाश शुक्ला ही थे अंत समय में भाजपा ने निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर को प्रत्याशी घोषित कर दिया था।

# कुख्यात बदन सिंह पर पांच लाख का इनाम : पासपोर्ट होगा निरस्त : रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की भी तैयारी

मेरठ ब्यूरो : मोस्ट वांटेड बदन सिंह बद्दो पर प्रदेश शासन ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। डीजीपी मुख्ययालय ने इनाम की राशि ढाई लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने की संस्तुति की थी। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद गुरुवार को इनाम राशि बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए। टीपीनगर के बैरीपुरा निवासी बद्दो आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। फतेहगढ़ जेल से 28 मार्च 2019 को वह गाजियाबाद कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। यहां पुलिसकर्मियों से साठगांठ करके वह मेरठ पहुंचा और दिल्ली रोड स्थित एक होटल में शराब पार्टी के दौरान पुलिसकर्मियों



को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद से आज तक पुलिस को उसका कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं अब उसका पासपोर्ट निरस्त करने की व उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की भी तैयारी की जा रही है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ सुभाष लाम्बा की प्रेस कान्फ्रेस सम्पन्न

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिस्ट्रियल सर्विस एसोशिएसन्स द्वारा आज दिनांक 25–05–2023 को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा गया कि हिमाचल व कर्नाटक में मिली हार से सरकारो को सबक लेंते हुये पुरानी पेंशन बहाली व रेगुलराइजेशन करते हुये निजीकरण पर तत्काल रोक लगाते हुये खाली पड़े लाखों पदों को भरने जैसी न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से गौर करना चाहिये। फेडरेशन ने आगाह किया है कि अगर उक्त मांगों की अनदेखी जारी रही तो आने वाले चुनावों में कर्मचारी एवं उनके परिजन एकजुट होकर अपनी पुरानी पेन्शन बहाली व अन्य मांगो को दृष्टिगत रखते हुये चुनाव मे अपने मत का प्रयोग करेंगे, यह चेतावनी अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बृहस्पतिवार को स्थानीय प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोशिएसन्स के संरक्षक श्री एस0पी0 सिंह जी व श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कमलेश मिश्र, पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव, उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोशिएसन्स के प्रान्तीय अध्यक्ष, श्री दिवाकर सिंह, प्रान्तीय महामंत्री, श्री पुनीत कुमार त्रिपाठी, राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रान्तीय महामंत्री, श्री अशोक कुमार सिंह, यू0पी0 एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोशिएसन के प्रान्तीय अध्यक्ष, श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, प्रान्तीय महामंत्री हेमन्त सिंह खड़का, उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोशिएसन्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप पाण्डेय, उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोशिएसन्स के उपाध्यक्ष श्री देवेन्द्र कुमार यादव, उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोशिएसन्स के संगठन मंत्री वंशीधर मिश्रा, उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोशिएसन्स के प्रान्तीय मंत्री, श्री श्याम सिंह एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक श्री राम विरज रावत व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय महामंत्री श्री बुद्धि राम विनोद कन्नौजिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्री लल्लन, प्रान्तीय संगठन मंत्री श्री वीरेन्द्र कुमार, यू0पी0 एग्रीकल्चर डिपार्टमेन्ट मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोशिएसन के उपाध्यक्ष श्री अनुपम यादव मौजूद थे। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों के निरंतरता में चल रहे आंदोलन के



कारण पुरानी पेंशन बहाली अब प्रमुख मुद्दा बन चुका है और इसके परिणाम चुनावों में भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि कर्मचारियों को पीएफआरडीए एक्ट में कोई संशोधन मंजूर नहीं है। कर्मचारी पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली से कम पर सहमत नहीं हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर की संयुक्त परिषद द्वारा की गई हड़ताल के दौरान की गई उत्पीड़न की सभी कार्यवाहियों को समाप्त करते हुये उनसे किये गये समझौतो को लागू करने की मांग की गई। उ0प्र0 के वर्तमान मुख्यमंत्री द्वारा सत्ता में आने से पूर्व सांसद रहते हुये पुरानी पेंशन बहाली के सम्बन्ध में लिखे गये पत्र का उल्लेख करते हुये कहा गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी को अपने लिखे पत्र को संज्ञान मे लेते हुये तत्काल पुरानी पेन्शन बहाल करनी चाहिये। राज्य कर्मचारी महासंघ, उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिस्ट्रियल सर्विस एसोशिएसन्स, केन्द्रीय एवं राज्य कर्मियों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन के लिए कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि मई से जन संपर्क अभियान चला हुआ है और 27 जून को देशभर में जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे और मांगों के ज्ञापन प्रधानमंत्री व वित्तमंत्री को भेजें जाएंगे। इसके साथ ही जून व जुलाई में सभी जिलों, तहसील, ताल्लुको में कर्मचारियों के संयुक्त सम्मेलन किए जाएंगे और कर्मचारियों को निर्णायक आंदोलन की तैयारी का आह्वान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में आठवें वेतन आयोग का गठन करने, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं विभागों के किए जा रहे निजीकरण पर रोक लगाने, केन्द्र एवं राज्यों में 60 लाख से ज्यादा रिक्त पड़े पदों को पक्की भर्ती के माध्यम से भरकर बेरोजगारों को रोजगार देने, नेशनल एजुकेशन पालिसी को रद्द करने, एक्सग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाकर मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देने आदि मांगों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। महासंघ के अध्यक्ष श्री लांबा ने बताया कि भारत छोड़ो आंदोलन की बरसी 09 अगस्त को सभी राज्यो मे कर्मचारी सैकड़ों वाहनो के सामूहिक जत्थे के साथ ''रीच टू ईच'' नारे लगाते हुये सभी महानगरों, शहरों, कस्बों से होते हुये अपने कार्य स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सभाएं करेंगे। यह जत्थे जन संपर्क अभियान चलाते हुए 03 नवंबर को दिल्ली में पहुंचेंगे और दिल्ली में विशाल कर्मचारी रैली आयोजित की जाएगी। इस रैली में आगामी आंदोलन का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रैली में बैंक, बीमा, डिफेंस, रेलवे आदि कर्मचारी संगठनों को भी आमंत्रित किया जाएगा। उ0प्र0 फेडरेशन ऑफ मिस्ट्रियल सर्विस एसोशिएसन्स के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह व महासचिव पुनीत त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रव्यापी आंदोलन को राज्य में पुरजोर तरीके लागू किया जाएगा।

# मेदांता अस्पताल लखनऊ में जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : मेदांता अस्पताल लखनऊ में गुरुवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को यह जानकारी दी गई कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बाद कैसे वह अपने जीवन में नया बदलाव ला सकते हैं और दर्द मुक्त जीवन जी सकते हैं। इस कार्यक्रम का शीर्षक ''रिवाइंड लाइफ'' रहा, जिसमें मरीजों, उनके परिजनों व चिकित्सकों समेत 100 से अधिक लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक मीडिया इंटरेक्शन के साथ हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसमें मेदांता लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर, डॉ राकेश कपूर ने लोगों को ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के महत्व और इससे लोगों के जीवन में होने वाले बदलाव के बारे में जानकारी के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉक्टर कपूर ने इस पर जानकारी देते हुए बताया कि, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी एक सुरक्षित और प्रभावशाली प्रक्रिया है, जिसके द्वारा लोगों को जीवन में नई आस मिलती है और स्वतंत्रतापूर्वक भविष्य में वह जीवन जी सकते हैं, उन्होंने बताया कि जो लोग ऑस्टियोआर्थराइटिस या जॉइंट से संबंधित समस्या से परेशान रहते हैं या फिर इस कारण उन्हें लगातार दर्द की समस्या बनी रहती है, वे लोग ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी से दर्द निवारक जीवन जी सकते हैं। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में ऑर्थोपेडिक्स के डायरेक्टर डॉ धर्मेंद्र सिंह ने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बाद दर्द मुक्त जीवन जीने पर चर्चा की इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी प्रक्रियाओं से जुड़े हुए लाभों पर भी प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी मरीज के लिए बहुत ही लाभदायक और सफल प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अधिकांश रोगी सर्जरी के कुछ ही महीनों के भीतर ही सामान्य जीवन जी



सकते हैं। इस कार्यक्रम में एक प्रसिद्ध आरजे के द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें न केवल मनोरंजन किया गया बल्कि इसके माध्यम से लोगों को खुशहाल जीवन जीने का संदेश भी मिला। इस कार्यक्रम का समापन एक सम्मान समारोह और रिवाइंड लाइफ वॉरियर्स की कहानियों से इंटरएक्टिव सीजन के साथ हुआ। जिसमें इन संघर्षशील प्रेरणादायक व्यक्तियों की कहानियों को साझा किया गया, जिन्होंने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के माध्यम से अपने जीवन को दर्द निवारक और लचीलापन बनाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यहां उपस्थित अन्य सभी लोगों को भी नई प्रेरणा मिली। इसमें एक रिवाइंड लाइफ वारियर ने कहा कि, मेरी सर्जरी से पहले मुझे इतना दर्द था कि मैं बहुत ही मुश्किल से चल पा रही थी। लेकिन मेरी सर्जरी के बाद अब मैं वो सब कुछ करने में सक्षम हूं, जो मुझे पसंद है। उन्होंने बताया कि अब मैं अपने पोते के साथ खेल भी सकती हूं और अपने पति के साथ बाहर टहलने भी जा सकती हूं। एक अन्य रिवाइंड लाइफ वॉरियर ने भी अपनी कहानी साझा की और कहा कि, मैं सर्जरी से बहुत डरता था, लेकिन यह मेरे द्वारा लिया गया अब तक का सबसे अच्छा निर्णय था। मैं अपने नए जीवन को वापस पाने के लिए बहुत आभारी हूं। ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद आप कैसे दर्द मुक्त जीवन जी सकते हैं इसको लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसमें कई अन्य रोगियों और उनके परिवारों के साथ, कई स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे, जिन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से कई महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ, जीवन जीने की नई प्रेरणा भी मिली।

## यूपीएससी के परिणाम से युवा वर्ग को सबक लेने की आवश्यकता –प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यूपीएससी परीक्षा–2022 का परिणाम घोषित होते ही बिहार एवं पूर्वांचल के बहुत सारे सामान्य परिवारों – रिस्तेदारों में खुशी का माहौल है। बलिया जनपद के चैनछपरा निवासी विनय कुमार चतुर्वेदी के पुत्र अभिषेक चतुर्वेदी को 179 वें रैंक पर चयन होने पर प्रशन्नता ब्यक्त करते हृदय से बधाई एवं शुभकामना ब्यक्त करते हुए प्रशासनिक सेवा में कुछ नया और अलग करने की अपेक्षा प्रोफेसर (डॉ) अखिलेश्वर शुक्ला ने किया है। ज्ञात हो कि प्रोफेसर शुक्ला के रिस्तेदारी में होने के कारण बिलासपुर में रह रहे अनुज भाई अरविंद शुक्ला जहां अभिषेक चतुर्वेदी अपने पिता विनय कुमार चतुर्वेदी जो रेलवे में चीफ कंट्रोलर के पद पर कार्यरत हैं– के साथ रह कर प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त किया , तथा बी.टेक. एस.आर.एम. चेन्नई से करने के बाद लगातार तीसरी परीक्षा में यह सफलता पाई है। परीक्षा में चयनित अभिषेक चतुर्वेदी का कहना है कि पिछड़े क्षेत्रों और गांवों में भी प्रतिभा है। केवल उसे एक्सपोजर एवं एक कुशल निर्देशन (गाईड) की आवश्यकता है। जिसके लिए बाहर ( दिल्ली आदि जगहों पर) जाने की आवश्यकता होती है। प्रोफेसर डॉ अखिलेश्वर शुक्ला ने यह भी रेखांकित किया है कि किसी भी क्षेत्र में लड़कियों को आगे जाने एवं युवाओं के पिछड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका वर्तमान सामाजिक –राजनीतिक परिवेश की है। खास कर राजनीतिक पदों को प्राप्त



करने या किसी के पीछे लगकर बिना परिश्रम अपने भविष्य को संवारने में आज के युवा जुटे हुए हैं। यही कारण है कि चार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लड़कियां ही हैं। जिसमें से प्रथम दो पिछड़े क्षेत्र बिहार से हैं। प्रोफेसर शुक्ला ने युवकों को सफल जीवन एवं उज्जवल भविष्य के साथ साथ राष्ट्रीय विकास के लिए नकारात्मक ऊर्जा से दूर रहने एवं सकारात्मक सोंच को बिकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। साथही यह भी कहा कि आज के समस्याग्रस्त युवा वर्ग को एक चयनित सूरज त्रिपाठी जिसके दोनों पैर और एक हाथ नही है। एक हाथ है भी तो केवल दो अंगुली एक अंगुठा हीं है। उसने सिद्ध कर दिया कि जज्बा और जुनून हो तो कुछ भी असम्भव नहीं है। सभी चयनित होनहारों को बधाई शुभकामनायें प्रेषित करते हुए– नवीन दायित्व के साथ भारत के नव निर्माण में अहम भूमिका निभाने की अपेक्षा पुरा देश करता है।

## धान के नर्सरी की तैयारी में जुट जाए किसान –डॉ लाल बहादुर कृषि वैज्ञानिक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा जौनपुर प्रथम धान की नर्सरी डालने के बारे में जानकारी देते हुए गुरुवार को केंद्र के वैज्ञानिक डॉ लाल बहादुर गौड़ ने बताया कि धान की नर्सरी तैयार करने वाले किसानों के लिए सबसे पहले बीज शोधन जरूरी है जिसमें 6 ग्रामस्ट्रेप्टोसाइकिलीन को 60 लीटर पानी में घोलकर धान बीज को डुबो देना चाहिए बाद में 2.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से कार्बेंडाजिम से शोधित कर नर्सरी डाल देना चाहिए इसमें स्ट्रेप्टोसाइक्लिन धान में कंडवा रोड की रोकथाम करता है तथा कार्बेंडाजिम बीज को फ्यूजेरियम के प्रकोप से बचाता है ।धान की नर्सरी के लिए स्वस्थ बीजों की पहचान होना जरूरी है तथा 12 से 14 किलोग्राम प्रति एकड़ बीजों की आवश्यकता होती है।धान की नर्सरी के लिए चुने गए खेत की गर्मी में गहरी जुताई कर कुछ दिनों के लिए छोड़ देना चाहिए पुनः नर्सरी डालने से पहले खेत की दो से तीन बार अच्छी तरह जुताई करनी चाहिए फिर उसमें सड़ी हुई गोबर की खाद मिलाकर अंतिम जुताई कर पाटा चला देना चाहिए धान की नर्सरी डालने के एक सप्ताह पहले खेत में पानी भरकर छोड़ देना चाहिए जिससे सभी खरपतवार के बीच बाहर निकल आते हैं। एक सप्ताह बाद खेत की अच्छी तरह जुताई कर छोड़ देना चाहिए नर्सरी डालने से एक दिन पहले खेत में पानी भरकर पाटा चलाकर छोड़ देना चाहिए दूसरे दिन जब मिट्टी थोड़ी कड़ी हो जाए पुनः पानी भरकर बीज को खेत में बिखेर देना चाहिए इस विधि से नर्सरी ट्रांसप्लांट हेतु आसानी से निकाल ली जाती है। धान की नर्सरी 1 जून से 15 जून के बीच डाल देनी चाहिए जिससे समय से धान की रोपाई कर सकें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार अन्तर्गत अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एक्विटल रिपोर्ट समय से प्रेषित की जाये। उन्होंने कहां की शासन के मंशानुरूप महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों से संबंधित वादो में शीघ्रता लाते हुए, गवाहों को बुलाकर न्यायालय में वादों को तय करा कर अभियुक्तों को अधिक सजा दिलाई जाए। उन्होंने स्पीडी ट्रायल से सम्बंधित मामलों को वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। महिला अपराधों एवं जनपद के चिंहित माफियाओं के प्रकरणों में पैरवी कर कठोर से कठोर सजा कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभियोजकों को निर्देश दिए कि कार्यों में प्रगति लाए इसमें किसी प्रकार की




शिथिलता न बरती जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने होटल में चल रहे देह व्यापार का किया भांडाफोड़ : आधा दर्जन से अधिक युवक युवतियां गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली थाना अंतर्गत अतिव्यस्तम इलाके में ओलन्दगंज में बीच शहर स्थित भाजपा नगर कार्यालय के नीचे होटल गौतम बुद्ध में चल रहे देहव्यापार का जिला प्रशाशन और पुलिस टीम ने शुक्रवार को छापा मारकर पर्दाफास किया है मौके से आधा दर्जन से अधिक युवक युवतियों को गिरफ्तार किया है।साथ ही होटल के मैनेजर महेंद्र कुमार निवासी धर्मापुर व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। दिनदहाड़े हुई इस कार्रवाई से अपने होटलों अनैतिक कार्य कराने वाले होटल मालिको में हड़कम्प मच गया है। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा था इसी बीच नागरिकों ने सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत किया कि गौतमबुद्ध होटल में अनैतिक देहव्यापार का धंधा चल रहा है। इस भवन के प्रथम तल पर होटल चलता है उसके ऊपर बीजेपी का नगर कार्यालय है।शिकायत मिलते ही देवेंद्र कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट अपनी टीम के साथ होटल में पहुंचकर छापेमारी की तो तीन युवतियां एक कमरे में बैठी मिली व तीन अलग अलग कमरों में आपत्ति जनक हालात में युवक युवतियां मिली। कोतवाली





पुलिस सभी को पकड़कर कोतवाली ले गई है और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है इनमें से कुछ लड़कियों ने बताया कि वह आजमगढ़ और बनारस से आती हैं प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे आती हैं और शाम को 4:00 बजे जाती हैं। और वह स्वेक्षा से किस कार्य में लगी हुई है। वही इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि बरामद हुई युवतियों के खिलाफ मुकदमा लिखा जा रहा है इसमें एक की उम्र कम लग रही है उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। होटल को सीज कर दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से बालिका की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के साढापुर गांव में गुरुवार की दोपहर आये तेज आंधी चलने के कारण बाग में गिरे आम बीनने जा रही बालिका की साढापुर रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई। बगीचे में आम लेने जा रही बालिका खुशी गिरी 13 वर्ष पुत्री अनिल गिरी आंधी आने पर आम बिनने के लिए रेलवे लाइन क्रॉस करके जाने लगी और तभी ट्रेन आ गई उसे ट्रेन के साइड से धक्का लग गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन–फानन में परिजनों ने बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहा डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया परंतु खुशी ने रास्ते में ही दम तोड दी। खुशी कक्षा 9 की छात्रा थी। खुशी के मौत के बाद मां रीना गिरी सहित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## पीएम किसान लाभार्थी संतृप्तिकरण शिविर में 2609 मामले निस्तारित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की 112 न्यायपंचायत के एक एक ग्राम पंचायत में गुरुवार को कृषि विभाग द्वारा कैम्प आयोजित किया गया। 15 जून तक चलने वाले प्रधानमंत्री किसान लाभार्थी संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत लगने वाले शिविर के चौथे दिन कुल 4528 किसानों ने अपने डाटा संशोधन हेतु अभिलेख जमा किया। जिसमें से 2609 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया ।लंबित 1919 मामलों का निस्तारण जिला मुख्यालय से कराया जाएगा। इस संबंध में उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि कैम्प में किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण जनपद के समस्त ग्रामपंचायतों में 15 जून तक किया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील किया कि ऐसे किसान जिनके खाते में पैसा नहीं जा रहा है। अपने समस्त अभिलेख जैसे आधार, बैंक पासबुक, खतौनी की छायाप्रति लेकर उन्हें शिविर में आना होगा, मौके पर उनके डाटा की त्रुटियों को ठीक किए जाने से उनके भी खाते में सम्मान निधि का पैसा जाने लगेंगे। शिविर में कृषि, राजस्व, पंचायत, डाक एव कामन सर्विस सेंटर के कार्मिक उपस्थित रहे। कैम्प में नए कृषकों का पंजीकरण, लम्बित पंजीकरण का सत्यापन, भूमि सत्यापन, आधार सीडिंग तथा इ के वाई सी, नया खाता खुलवाने जैसे कार्य मौके पर ही किए गए।

## आकाशीय बिजली से एक की मौत दूसरा घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज थाना क्षेत्र के गोंदालपुर गांव में गुरुवार दोपहर हुई तेज बारिश और आंधी के कारण आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से झुलस गया है। समरजीत यादव 42 वर्ष और बिनोद यादव 36 वर्ष दोनो एक टिन सेड मकान मे बैठकर बाते कर रहे थे टीन सेड मकान विनोद यादव का था आंधी तूफान व बादल की तेज आवाज के साथ समरजीत के ऊपर आकाशीय बिजली गिरी जिसमे समरजीत पुत्र रामजश यादव जलने लगे उनकी मौत हो गयी बगल बैठा विनोद यादव 32 पुत्र राम प्रसाद यादव आकाशीय विजली से बुरी तरह झुलल गया ।मौके पर जुटे ग्रामीण आनन फानन मे दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले गए जहां डॉक्टर ने समरजीत यादव को मृत घोषित कर दिया। झुलसे विनोद यादव का इलाज चल रहा है। मृतक समरजीत यादव चार भाइयो मे दूसरे नं पर है इनके दो संतान एक पुत्र आर्यन 14 वर्ष व पुत्री पारूल 9 वर्ष है।घटना के बाद से पत्नी ललिता देवी मांता चनरा देवी बेसुध है परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

## ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अंतर्गत ऋण दिये जाने हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता, विकास केन्द्र, हर्ष प्रताप सिंह ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि उत्तर–प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में ऋण दिये जाने हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थी को हाई स्कूल पास एवं आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। उद्योग क्षेत्र हेतु अधिकतम रू0 25 लाख सेवा क्षेत्र हेतु अधिकतम रू0 10 लाख स्वरोजगार स्थापनार्थ हेतु बैंक द्वारा ऋण प्राप्त किया जा सकता है, जिसमें अधिकतम 25 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था भी है। आवेदन करने हेतु बेवसाइड www.diupmsme.upsdc.gov.in पोर्टल पर आन–लाइन आवेदन भरे जा सकते हैं एवं ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत जनपद हेतु ऊनी दरी कार्य हेतु ओडीओपी में चयन किया गया है। ऊनी दरी कार्य को बढावा देने हेतु उक्त योजना में निम्नवत ऋण प्राप्त करने हेतु उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय में ऋण दिया जा सकता है। उक्त योजना के अन्तर्गत अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदन करने हेतु बेवसाइड www.diupmsme.upsdc.gov.in पोर्टल पर आन–लाइन आवेदन भरे जा सकते हैं। आवेदन–पत्र पूर्ण रूप से आन–लाइन उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय के अन्तर्गत स्वीकार किये जायेगे।

## निलंबित आबकारी निरीक्षक ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांगी इच्छा मृत्यु की अनुमति

लखनऊ ब्यूरो : निलंबित आबकारी निरीक्षक शंकर लाल ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। प्रतापगढ़ के कुंडा में क्षेत्र–3 में तैनात रहे शंकर लाल बीते 26 माह से निलंबित चल रहे हैं। उनको प्रयागराज में आबकारी आयुक्त कार्यालय से संबद्ध किया गया था।



बताते चलें कि मार्च, 2021 में प्रतापगढ़ में जहरीली शराब पीने से चार लोगों की मृत्यु होने के बाद जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार, आबकारी निरीक्षक शंकर लाल और सिपाही रामभजन को निलंबित कर दिया गया था। शंकरलाल ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि गत 12 मई को मेल कर प्रकरण में व्यक्तिगत रूप से मिलकर जानकारी देने के लिए आपसे समय मांगा था। अब तक आबकारी आयुक्त ने विभागीय कार्यवाही में यथोचित निर्णय नहीं लिया है। इसकी वजह से मुझे और मेरे परिवार को मानसिक, सामाजिक, आर्थिक रूप से संकट का सामना करना पड़ रहा है। समाज और रिश्तेदार मुझे बार–बार अपमानित करते हैं। इस दशा में इच्छा मृत्यु ही एकमात्र विकल्प रह जाता है, जिसके लिए आपकी अनुमति की आवश्यकता है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने कहा कि अभी इस प्रकरण की जांच जारी है। निलंबित आबकारी निरीक्षक यदि इच्छा मृत्यु की धमकी दे रहा है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## इनाम घोषित होने के डर से टॉप टेन माफिया सुधीर सिंह नें महराजगंज कोर्ट में किया सरेंडर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर पुलिस के बढ़ते दबाव से जिले का टॉप टेन माफिया सुधीर सिंह बीस वर्ष पुराने मामले में महराजगंज कोर्ट में सरेंडर कर दिया। सरेंडर के बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। इस दौरान सुधीर सिंह के समर्थकों का हुजूम भी था। वर्ष 2003 में हुई लूट के मुकदमे में था वांछित दरअसल, सहजनवा इलाके के कालेसर गांव का रहने वाला सुधीर सिंह यूपी के टॉप माफियाओं की लिस्ट में शामिल होने के साथ ही गोरखपुर के टॉप 10 माफियाओं में से एक है। सुधीर साल 2003 में महराजगंज के श्यामदेउरवा थाने में हुई लूट के एक मुकदमे में वांछित चल रहा था। कोर्ट ने उसके खिलाफ अप्रैल 2008 में ही गैर जमानती वारंट जारी कर रखा था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। गुर्गों के साथ पहुंचा था कोर्ट गुरुवार को दोपहर में अपने गुर्गों के साथ सुधीर सिंह महराजगंज कोर्ट पहुंचा। कोर्ट में सरेंडर के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ श्रीवास्तव ने उसे जेल भेज दिया। साथ ही संबंधित मुकदमे में सुनवाई की अगली तिथि 8 जून तय कर दी। सरेंडर के बाद भेजा गया जेल एसपी महराजगंज डा. कौस्तुभ ने बताया, पुलिस आपरेशन शिकंजा के तहत पुराने मुकदमों में पैरवी कर आरोपितों को सजा दिलाने का अभियान चला रही है। श्यामदेउरवा थाने में दर्ज 20 साल पुराने मुकदमे में माफिया सुधीर सिंह ने न्यायालय में सरेंडर किया है। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें की पिपरौली ब्लाक के पूर्व प्रमुख और माफिया सुधीर सिंह पर कुल 38 मुकदमे दर्ज है योगी सरकार में दस करोड़ की संपत्ति हो चुकी है जब्त माफिया सुधीर सिंह की अब तक 10 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इसके अलावा पुलिस और प्रशासन ने उसकी



लग्जरी गाड़ियों को भी जब्त किया था। सुधीर सिंह का नाम प्रदेश की सूची के साथ ही जिले और गोरखपुर जोन के टॉप टेन माफिया की सूची में भी शामिल है। पुलिस खोजती थी, खुलेआम घूमता था सुधीर ढाई वर्ष पहले जारी हुए गैर जमानती वारंट के मामले में माफिया अजीत शाही ने हाजिर होकर गोरखपुर पुलिस की पोल खोल दी थी। प्रदेश के माफिया की सूची में शामिल सुधीर सिंह ने लूट के मुकदमे में वर्ष 2008 में जारी हुए गैर जमानती वारंट में समर्पण कर व्यवस्था की पोल खोल दी। माफिया सुधीर सिंह पर शाहपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2004 में हुई लूट की घटना में 24 अप्रैल 2023 को गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। वारंट जारी होने के बाद से ही क्राइम ब्रांच और शाहपुर थाने की पुलिस उनकी तलाश में छापा मार रही है, लेकिन सफलता नहीं मिली। समर्थकों व शिकंजा कसने पर माफिया ने चकमा देकर पुराने मुकदमे में आत्मसमर्पण कर दिया।

## उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट : आरोप पत्र में सिर्फ सदाकत का नाम

प्रयागराज ब्यूरो : विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में पुलिस ने पहली चार्जशीट शुक्रवार को दायर कर दी। पहली चार्जशीट में सिर्फ एक आरोपी सदाकत खां के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। अन्य आरोपियों के नाम का उल्लेख इसमें नहीं है। सदाकत के ऊपर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है।1857 पेज की चार्जशीट एससी–एसटी कोर्ट में दाखिल की गई है। आठ अन्य अभियुक्तों के खिलाफ भी जल्द ही आरोप पत्र दाखिल हो सकता है। यह सभी वर्तमान में नैनी जेल में निरुद्ध हैं। माना जा रहा है कि कुछ दिन के भीतर अन्य आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस चार्जशीट दाखिल कर सकती है। पुलिस के पास अभी 25 दिन का समय है। हत्याकांड में शामिल माफिया अतीक, अशरफ और असद के साथ ही गुलाम हसन, अरबाज, उस्मान चौधरी की मौत हो चुकी है। 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद से अब तक इस हत्या मामले में आठ आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। इसके अलावा उम्रकैद की सजा काट रहे अतीक के वकील खान सौलत हनीफ को भी पुलिस आरोपी बना चुकी है। इस तरह से मौजूदा समय में इस मामले में कुल नौ लोग नैनी जेल में निरुद्ध हैं। प्रकरण में पहली गिरफ्तारी 27 फरवरी को हुई थी। पुलिस ने मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल से सदाकत खान को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद 21 मार्च को अतीक अहमद के नौकर राकेश उर्फ लाला, ड्राइवर कैश अलावा हत्याकांड में रेकी करने वाले अख्तर कटरा, मो. सजद व नियाज अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। हत्याकांड में एक और गिरफ्तारी एक अप्रैल को हुई जब एसटीएफ ने अतीक के नौकर शारुप



उर्फ शाहरुख को गिरफ्तार किया। चार अप्रैल को अतीक के बहनोई डॉ. अखलाक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। 27 अप्रैल को उमेश पाल हत्याकांड में खान सौलत हनीफ की रिमांड बनवाई गई। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में जेल में निरुद्ध सभी नौ आरोपियों की हत्याकांड में संलिप्तता के पर्याप्त सबूत पुलिस जुटा चुकी है। किसकी क्या है भूमिका सदाकत खान– साजिशकर्ता, जेल में साजिश रचे जाने के दौरान मौजूद। राकेश, कैश, सजद, नियाज, अख्तर कटरा– रेकी, उमेश की लोकेशन देना और हथियार व कैश ठिकाने लगाना। शारुप उर्फ शाहरुख– हत्या में प्रयुक्त राइफल शूटरों के घर से निकलने से पहले क्रेटा में रखना, शाइस्ता से पांच लाख रुपये लेकर शूटर अरमान के भाई को पहुंचाना। अखलाक– शूटर गुड्डू मुस्लिम को शरण देना और घटना की साजिश में शामिल होना। खान सौलत हनीफ– साजिश में शामिल होना और उमेश की लोकेशन देना। इनकी निशानदेही पर अतीक के चकिया स्थित कार्यालय से 72.73 लाख नकद व 10 असलहे बरामद किए गए। जांच में यह बात सामने आई थी कि सदाकत इस हत्याकांड की साजिश में शामिल रहा है।

## अबू सलेम का भतीजा मुंबई से गिरफ्तार : एसओजी की टीम ला रही है आजमगढ़

आजमगढ़ ब्यूरो : अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के भतीजे को एसओजी टीम ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। उसे आजमगढ़ लाया जा रहा है। शहर कोतवाली में गुरुवार को उसके खिलाफ फर्जीवाड़ा कर जमीन कब्जा करने व रंगदारी मांगने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। एसओजी टीम अबू सलेम के भतीजे को लेकर मुम्बई से आजमगढ़ के लिए रवाना हो चुकी है। शहर के चकला पहाड़पुर निवासिनी शबाना परवीन ने गुरुवार को शहर कोतवाली में तहरीर दिया कि उसके पति स्व. आदिल शेख इस्टर्न डिस्टीब्यूटर के मालिक रहे है। उनके निधन के बाद से वह ही उनका सारा कारोबार व परिवार देख रही है। पति ने निधन के पूर्व अपने भाई जैद अहमद, मां शाहिदा खातून व पिता स्व. नसीम अहमद के नाम से कई जगहों पर प्रापर्टी खरीदा था। जिस पर अब मेरी ननद हेमा व उसने पति सलमान की नजर है। पति के भाई जैद बीमार है, जिनका मुम्बई से इलाज कराया जा रहा है। मां शाहिदा भी अक्सर बीमार ही रहती है। मेरी ननद व उसके पति किसी भी तरह उसकी व उसके परिवार की संपत्ति पर कब्जा की कवायद में जुटे है। एक बार तो वे पति के भाई जैद व मां शाहिदा को बरगला कर वसीयत भी करा चुके है। जिसे बाद में दोनों ने रद्द कर दिया। इसके बाद से अब वे



अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के भतीजे मो. आरिफ पुत्र अब्दुल हाकिम निवासी पठानटोला थाना सरायमीर के माध्यम से मेरी व परिवार की संपत्ति पर नजर रखे है। आरिफ द्वारा रंगदारी मांगी जा रही है तो फर्जी कागजातों के आधार पर उसकी व परिवार की संपत्ति पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। शबाना की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं एसओजी टीम ने अबू सलेम के मो. आरिफ को मुम्बई में गिरफ्तार कर लिया है। जिसे एसओजी टीम आजमगढ़ के लिए ले कर निकल चुकी है। फर्जीवाड़ा व रंगदारी के मामले में अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के भतीजे मो. आरिफ समेत तीन के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस तीनों की तलाश में जुटी है। जहां तक आरिफ के मुम्बई से गिरफ्तारी की बात है तो इसकी अभी हमें जानकारी नहीं है। जब पुष्टि होगी तो उच्चाधिकारियों द्वारा निश्चित तौर पर बताया जाएगा।– गौरव कुमार, सीओ सिटी, आजमगढ़।

## 'मिशन लाइफ' अभियान को लेकर साइकिल रैली को सेना नायक डाक्टर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी परिसर में सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस के नेतृत्व में पीएसी जवानों ने केंद्र सरकार द्वारा जारी 'लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट' (लाइफ) अभियान 2022–23 का राज्य में प्रचार प्रसार एवं जन सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वाहिनी परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज पीएसी के जवानों द्वारा प्रातःकाल, राष्ट्रीय राजमार्ग, भुल्लनपुर एवं थाना रोहनिया क्षेत्र में एक जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम किये जाने, रेड लाइट पर वाहनों के इंजन बंद किए जाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया।सेनानायक डॉक्टर मिश्र ने उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए बताया कि ''मिशन लाइफ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सेव वाटर सेव एनर्जी' है। यह एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसकी शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा गुजरात के एकता नगर में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की उपस्थिति में किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक कार्यवाही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन लाइफ योजना के माध्यम से व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाना एवं पोषित करना है, जिनके पास पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता होगी। मिशन लाइफ में नीति आयोग द्वारा सात विषय एवं 75 व्यक्तिगत जीवन क्रियाओं का उल्लेख किया गया



है, जिसके अंतर्गत प्रमुखता से पर केंद्रित वृहद स्तर पर सोशल मीडिया अभियान भी शुरू किया गया है। मिशन लाइफ अभियान में प्रमुखता से ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, अपशिष्ट का पुनरुपयोग व स्वच्छता क्रियाएं, पुनर्नवीनीकरण, ई वेस्ट को कम करने, पानी के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने एवं बायोडिग्रेडेबल कचरे में मिलाने से बांस का विकल्प चुनने आदि हेतु जागरूक करना है।उक्त मिशन लाइफ अभियान के संबंध में जागरूकता के दृष्टिगत एक अन्य कार्यक्रम में 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी परिसर में पुराने कपड़े, किताबें, और बर्तन इकट्ठा कर जरूरतमंदों को वितरित किया गया।इस साइकिल रैली में वाहिनी सहायक सेनानायक अरुण सिंह सैन्य सहायक शिवनारायण, सहायक शिविरपाल विंध्यवासिनी पांडेय, सूबेदार सैन्य सहायक गोपाल दुबे व अन्य अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## महिला थाना विभाग चल रहा महज एक सरकारी वाहन के भरोसे : जब थाना पर दो वाहन नही तो कैसी होगी महिलाओं की सुरक्षा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अति महत्वाकांक्षी योजनाओ में शामिल मिशन शक्ति अभियान का प्रचार प्रसार जहां पर जोरों पर चल रहा है।वही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी पुलिस प्रमुखों को महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए है।परंतु इस समय महिला थाना में इनकी सुरक्षा को लेकर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है।महिला थाना में तैनात महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती तो पर्याप्त संख्या में है परंतु महिलाओं व बालिकाओं से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिये उनके पास एक चार पहिया सरकारी वाहन को छोड़कर कोई सरकारी दो पहिया वाहन नहीं है।अगर देखा जाए तो इस समय महिला थाना में तैनात प्रभारी निरीक्षक महिला थाना निशा शुक्ला को एक चार पहिया वाहन मुहैया कराया गया है।बाकी उक्त थाना पर कोई अन्य सरकारी वाहन नही है।सूत्र के मुताबिक आज से कुछ वर्ष पहले महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिये एंटी रोमियो स्क्वायड, क्यूआरटी टीम का गठन किया गया था।क्यूआरटी टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मियों का यही काम था कि अगर उन्हें कोई भी महिला व बालिका सुरक्षा संबंधित मदद के लिये कोई फोन आता था तो क्यूआरटी टीम में शामिल महिला पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर उक्त महिला व बालिका को अपराधियों के चंगुल से समय रहते बचा लेती थी।परंतु वर्तमान समय में महिला थाना में महज एक प्रभारी निरीक्षक महिला थाना निशा शुक्ला के लिये एक सरकारी वाहन उपलब्ध है। इसके अलावा कोई भी चार पहिया व दो पहिया वाहन महिला थाना में नहीं उपलब्ध है।कुल मिलाकर इस समय अगर कोतवाली नगर क्षेत्र में किसी भी महिलाओ व बालिकाओं से किसी भी तरह की अप्रिय घटना हो जाये तो इस समय तय है कि घटना स्थल पर पुलिस को जाने में काफी समय लग सकता है।परिणाम स्वरूप घटना करने वाला अपराधी घटना करके आसानी से पुलिस की पकड़ से काफी दूर निकल सकता है।इस संबंध में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक निशा शुक्ला ने बताया कि महिला थाना में दो पहिया वाहनों की अनुपलब्धता के चलते कुछ परेशानी हो रही है। परंतु कोई कोई काम प्रभावित नहीं हो रहा है। इसके लिए संबंधित विभाग में कई बार पत्राचार किया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका के आंसू पर नहीं पसीजे कुलपति : कई दिनों से काट रही थीं कार्यालय के चक्कर

अलीगढ़ ब्यूरो : उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी सेवानिवृत्त शिक्षिका डॉ. मीता कौशल की प्रोन्नति नहीं हो सकी। शिक्षिका कई दिन से राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ के कुलपति कार्यालय का चक्कर काट रही थी। डॉ. मीता कौशल, हाथरस के श्रीरामेश्वर दास अग्रवाल कन्या डिग्री कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर संगीत के पद से 30 जून 2022 को सेवानिवृत्त हो गई थीं। प्रोफेसर पद पर उनकी प्रोन्नति होनी थी। डॉ. मीता ने बताया कि प्रोन्नति को लेकर कुलपति से बात की, जिस पर उन्होंने सेवानिवृत्त होने के संदर्भ में उनसे शिक्षा विभाग से दिशा–निर्देश लाने के लिए कहा। उच्च शिक्षा विभाग में पत्राचार किया। विभाग से उनके पक्ष में जवाब आ गया। विभाग की ओर से कुलसचिव आरएमपीयू को भेजे गए पत्र में टीकाराम कन्या महाविद्यालय में प्रोफेसर पदोन्नति के लिए प्रत्यावेदन की स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए उन्हें योग्य बताया गया। फिर भी उन्हें प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए कुलपति ने अनुमति नहीं प्रदान की। बकौल शिक्षिका लगातार कुलपति से अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने एक भी नहीं सुनी। प्रत्यावेदन न लिए जाने पर वह रोने लगीं। इस बारे में कुलपति से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया



गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। सात शिक्षिकाओं का प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति टीकाराम कन्या महाविद्यालय में सीएएस के तहत लेवल–13 ए से 14 पर सात एसोसिएट प्रोफेसर की प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति हुई। प्रोन्नति के लिए शासन और विश्वविद्यालय की ओर से समिति के सदस्य और विषय विशेषज्ञों ने एसोसिएट प्रोफेसर की प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति करने की संस्तुति प्रदान की। संगीत विभाग से डॉ. प्रभा वार्ष्णेय, डॉ. स्मृति कौशिक, रसायन विज्ञान विभाग से डॉ. संगीता कुमार, शिक्षा शास्त्र विभाग से डॉ. सीमा कौशिक, मनोविज्ञान विभाग से डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, संस्कृत विभाग से डॉ. सुमन रघुवंशी, जंतु विज्ञान विभाग से डॉ. अर्चना बंसल एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति हुई।

## खूनी संघर्ष में जमकर चले लाठी डंडे व धारदार हथियार : महिला समेत छह घायल



सहारनपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में इस कदर संघर्ष हुआ कि कुछ छह लोग घायल हो गए। बेहट कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव रंडौल में ट्रांसफार्मर पर तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद संघर्ष हो गया, जिसमें महिला समेत छह लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव रंडौल निवासी वेदपाल के घर के पास ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। गुरुवार रात करीब साढे नौ बजे इसी ट्रांसफार्मर पर तार जोड़ने को लेकर वेदपाल और कामेश पक्ष के बीच कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों एवं धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप लगाया। संघर्ष में कामेश (30) उसका भाई अंकुज (28) व दूसरे पक्ष के वेदपाल (60), उसकी पत्नी कुसुम (58), पुत्र नरेश (28) व प्रमोद (30) घायल हो गए। सूचना मिलते ही बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और लाठियां फटकार कर भीड़ को तितर–बितर करने के बाद घायलों को सीएचसी पहुंचाया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार पांडेय ने बताया, कि अभी तक किसी भी पक्ष की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## हर साल 25 मई को दुनिया भर में वर्ल्ड टाइफाइड डे मनाया जाता है –हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एफबी सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शहर के एक एक स्थानीय होटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एफबी सिंह द्वारा एक प्रेस वार्ता की गई जिसमें डॉक्टर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हर साल 25 मई को दुनिया भर में वर्ल्ड टाइफाइड डे मनाया जाता है इस दिन को मनाने का महत्वपूर्ण मकसद थायराइड के प्रति लोगों को जागरूक करना है थायराइड ग्लैड के सही तरीके से कामना कपाने से लोगों को यह समस्याएं होती हैं खास तौर पर 60 साल की उम्र से ज्यादा महिलाओं में थायराइड की दिक्कत अधिक देखने को मिलती है थायराइड एक तितली के आकार की एक ग्रंथ होती है जो गले के आगे के हिस्से में होती है यह एक हार्मोन बनाती है जिसकी मदद से मेटाबॉलिज्म कंट्रोल में रहता है और जब हार्मोन का स्तर बहुत कम या अधिक हो जाता है तो शरीर में कई तरह के लक्षण नजर आने लगते है। शहर के मशहूर डॉक्टर एमपी सिंह ने थायराइड के लक्षण को भी बताते हुए थायराइड के बारे में समाज में जन जागरूकता फैलाने का काम किया इसी क्रम में डीसी ने कहा कि यदि किसी मनुष्य के गर्दन में सूजन हृदय परिवर्तन एनर्जी एवं मूड में बदलाव एवं बालों का झड़ना बहुत ठंड या गर्मी महसूस होता है तब यह लक्षण बताए जाते हैं।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने जारी की दिव्यांगजनो द्वारा दुकान निर्माण संचालन योजना के तहत दस हजार रूपये की सहायता राशि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित दुकान निर्माणध्संचालन योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन को उनके पुनर्वास हेतु दुकान संचालन हेतु रूपये 10000–(दस हजार मात्र) की धनराशि स्वीकृत की जाती है, इस धनराशि में रु0 2500–की धनराशि अनुदान के रूप में तथा शेष धनराशि रु0 7500–ऋण के रूप में 4 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है। इसी प्रकार दुकान निर्माण हेतु प्रश्नगत योजनान्तर्गत रु 20000–(बीस हजार मात्र) की धनराशि दुकान बनवाने के लिए स्वीकृत की जाती है। इस धनराशि में से 5000–की धनराशि अनुदान के रूप में तथा शेष धनराशि 4 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत पात्रता की शर्तें है जिसमें दुकान संचालन हेतु आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो। आवेदन करते समय आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम व 60 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक की आय समय–समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो।मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण–पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो। इसके अलावा दुकान निर्माण योजना हेतु आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो आवेदन करते समय आवेदक की आयु 18 वर्श से कम व 60 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक की आय समय–समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण–पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो। दुकान निर्माण हेतु उसकी स्वयं के नाम से कम से कम 110 वर्ग फिट जमीन ऐसी जगह पर हो अथवा लीज पर लेने में समर्थ हो और जहां दुकान बनवाये जाने पर चलने की पूरी सम्भावना हो। प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांगजन योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आ न ला इ नी ज ज च : ध्ध कपअलंदहरंदकनांद.नचेकब.हवअ. पद पर आवेदन कर सकते हैं। आन लाइन आवेदन करते समय आवेदक फोटो, आय व जाति प्रमाण पत्र आधार सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित बैंक खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र आदि अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ उपरोक्त बेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करते हुए यथास्थान वांछित अभिलेख अपलोड करते हुए आवेदन करे साथ ही आनलाइन सम्मिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं अपलोड किये गये वांछित प्रपत्रों की स्वप्रमाणित हार्डकापी कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, भूतल, अयोध्या के कार्यालय में जमा करें। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## दुनिया में अपना परचम लहरा रहे भारत के मेधावी –रामचंद्र यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अमानीगंज क्षेत्र के रामचरण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान घटौली में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को समारोह पूर्वक टेबलेट वितरित किया गया। टेबलेट पाकर तकनीकी ज्ञान अर्जित कर रहे छात्रों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प व दीप अर्पित कर किया गया।मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार बनी है शिक्षा के अनेक क्षेत्रों में भारत के मेधावी पूरी दुनिया में अपना परचम लहरा रहें हैं। प्रदेश सरकार की कायाकल्प योजना के तहत प्राथमिक शिक्षा को मजबूती मिली है और माध्यमिक शिक्षा का भी दिनोंदिन उन्नयन हो रहा है। मोदी योगी सरकार तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पूरे विश्व में भारत और मोदी का डंका बज रहा है। सबका साथ सबका विकास के तहत सर्व समाज के छात्रों के सशक्तिकरण के लिए टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि पूरे मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करें और ऊंचा मुकाम हासिल कर देश का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि ने संस्थान के 19 छात्रों को टेबलेट वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशील कुमार शुक्ला ने किया।इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक जगन्नाथ प्रसाद यादव, प्रधानाचार्य रमाशंकर मिश्र, प्रधानाचार्य परमानंद यादव, विद्यानंद यादव, कृष्णानंद यादव, दिनेश, ओमकार गुप्ता सहित संस्थान के छात्र उपस्थित रहे।

## मेरठ में शपथ ग्रहण समारोह में वंदे मातरम को लेकर बवाल : जमकर मारपीट : ओवैसी के पार्षद बिना शपथ लिए निकले

मेरठ ब्यूरो : मेरठ के चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय स्थित नेताजी सुभाष चंद बोस प्रेक्षागृह में नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के शुरू होने पर वंदे मातरम करने को लेकर हंगामा हो गया। यहां ओवैसी की पार्टी के पार्षदों के साथ भाजपा के पार्षदों ने मारपीट कर दी। कहा गया कि ओवैसी की पार्टी के पार्षद ने वंदे मातरम का विरोध किया था। इसके बाद भाजपा पार्षदों ने उनके साथ मारपीट कर दी। महापौर और पार्षद के चल रहे शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ करने के दौरान वंदे मातरम कराया गया, जिसमें एआईएमआईएम के पार्षदों ने वंदे मातरम नहीं गाया। इसे लेकर भाजपा के पार्षदों ने उनके साथ कार्यक्रम के बीच में ही मारपीट कर दी। इतना ही नहीं डीएम एसपी सिटी और सीओ सिविल लाइन के सामने भाजपा कार्यकर्ता एआईएमआईएम के पार्षदों के साथ मारपीट करते रहे। मामला तूल पकड़ा तो पुलिस फोर्स के साथ आरएएफ को भी बुलाना पड़ा। एआईएमआईएम के पार्षदों को कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया गया। बाद में एसपी सिटी और सीओ सिविल लाइन मारपीट में घायल पार्षदों और उनके समर्थकों को कार्यक्रम में अंदर बुलाने की अपील की। साथ ही आश्वासन दिया कि किसी भी पार्षद के साथ



अब शपथ ग्रहण समारोह में मारपीट नहीं होगी। हालांकि मामला गरमाया हुआ है। थाने पहुंचकर लिखवाया मुकदमा वहीं AIMIM के महानगर अध्यक्ष इमरान अंसारी ने बताया कि एआईएमआईएम के चार पार्षद फजल करीम वार्ड 71, ताहिर वार्ड 82 साहिद वार्ड 72 गुड्डी पत्नी अफजाल वार्ड 81 और एक अन्य पार्टी के रिजवान अंसारी वार्ड 73 की शपथ नहीं हुई है। इन पांच पार्षदों की शपथ शनिवार को नगर निगम में होगी। एआईएमआईएम के सभी पार्षद 11 पार्षद और मुस्लिम लीग और आजाद समाज पार्टी के पार्षद और कार्यकर्ता मेडिकल थाने में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए पहुंचे। बताया गया कि यहां मारपीट करने वाले भाजपा पार्षदों के खिलाफ मुकदमा लिखवाया है। मेरठ में महापौर समेत 90 पार्षदों ने ली है शपथ महापौर हरिकांत अहलूवालिया और 90 पार्षद के शपथ समारोह के कार्यक्रम सीसीएसयू के प्रेक्षागृह में रखा गया। आज 11:30 बजे से शपथ का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल का कहना कि शपथ समारोह में स्थानीय नेता मौजूद रहे।

## चार हज यात्रियों का जत्था हुआ रवाना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जनपद के गोसाईगंज से हाजियों का जत्था रवाना गोसाईगंज नगर से चार हज यात्री हज यात्रा पर सऊदी अरब के लिए रवाना हुए नगर से जाने वाले हज यात्री ननकू राईन एवं उनकी पत्नी तथा दिलदार राईन एवं उनकी पत्नी नगर में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने जगह–जगह उनका माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर के स्वागत किया हिलाई शहीद बाबा की मजार पर चादर चढ़ाने के बाद उसी मैदान में लोगों से मुलाकात कर सब का आभार प्रकट किया तथा लोगों से अलविदा कहा जिस दौरान हाजी अब्दुल हक बरकाती, मोहम्मद वैस अंसारी, रमजान अली राईन, सभासद ध्रुव गुप्ता, सभासद बुद्धू यादव मोहम्मद जहीर पप्पू सहित भारी तादाद में लोग मौजूद थे।

## सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव व महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जसवाल बनी।

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर सरोज यादव को सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष वा अपर्णा जसवाल को महानगर का अध्यक्ष मनोनीत किया महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया इनके मनोनयन पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव मोहम्मद हलीम पप्पू, चौधरी बलराम यादव,राम अचल यादव, जगन्नाथ यादव, बब्बन प्रधान, शाहबाज लकी इश्तियाक खान, सुनील कुमार आदि नेताओं ने इनके मनोनयन पर खुशी जाहिर की है।

## जॉब फेयर में झुनझुनवाला के बच्चों का हुआ प्लेसमेंट

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) झुनझुनवाला ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा आयोजित मेगा जॉब प्लेसमेंट ड्राइव दिनांक 25 मई को आयोजित किया गया जिसमें झुनझुनवाला के 95 पास आउट छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें से 28 बच्चों का प्लेसमेंट कंपनीज में हुआ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित और डायरेक्टर डेवलपमेंट मीनाक्षी मोदी प्रिंसिपल करुणेश तिवारी गिरिजेश त्रिपाठी आशुतोष त्रिपाठी जी के नेतृत्व में हुआ , इस कार्यक्रम में प्लेसमेंट ऑफिसर प्रफुल्ल साहू ने बच्चों को कंपनी इसकी ट्रेनिंग दी और कंपनियों में शामिल मेडिकल स्टूडेंट के लिए चंदन हेल्थ केयर ने डी फार्मा स्टूडेंट का इंटरव्यू ले करके उन्हें हायर किया इंजीनियरिंग कंपनी में हाई फ्लो बैटरी इंडस्ट्री मैं आईटीआई इंजीनियरिंग के बच्चों को मौका दिया डिग्री कोर्सेज के बच्चों के लिए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 20,000 से ज्यादा सैलरी लगभग 10 बच्चों को ऑफर किया टेक्नोलॉजी सेक्टर में बीसीए के बच्चों को एसजीटी टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने कुछ बच्चों को मौका दिया न्यू फनिया सलूशन ने इंटरनेशनल कॉलिंग के लिए बच्चों को मौका दिया टूरिज्म सेक्टर में जाने के लिए तीर्थ अयोध्या ने भी मौका दिया इन 6 कंपनियों ने टोटल 28 बच्चों को जॉब प्लेसमेंट दिया।

## दो पालियों की परीक्षा में 81030 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1350 अनुपस्थित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्नातक एवं परास्नातक दो पालियों की परीक्षा में 81 हजार 30 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1350 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की



परीक्षा में 30 हजार 793 में से 567 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही द्वितीय पाली की परीक्षा में 50 हजार 237 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 783 अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक वार्षिक परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा सख्ती की जा रही है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की निगरानी की जा रही है।

## लागू हुई अटल विहारी बाजपेई बुनकर योजना

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आर्थिक रूप से कमजोर बुनकरों को सहायतार्थ शासन द्वारा दिनांक 01अप्रैल 2023 से अटल बिहारी बाजपेई पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना लागू की गयी है। योजनान्तर्गत पावरलूम बुनकरों को विद्युत बिल का भुगतान करना होगा, जिसमें 05 के0वी0 भार के नगरीय विद्युत कनेक्शन जिसमें पावरलूम (0.5 एच0पी0 से 1.10 एच0पी0, 60'' रीड स्पेस के) में प्रतिमाह रू0 400–00 से रू0 800–00 प्रतिमाह प्रति पावरलूम लिया जायेगा। 05 के0वी0 भार के ग्रामीण विद्युत कनेक्शन जिसमें पावरलूम (0.5 एच0पी0 से 1.0 एच0पी0, 60'' रीड स्पेस के) में प्रतिमाह रू0 300–00 से रू0 600–00 प्रतिमाह प्रति पावरलूम लिया जायेगा। उपरोक्त दोनो शहरी एवं ग्रामीण विद्युत कनेक्शन में सहायक उपकरणों एवं आवश्यक सहयोगी प्रकाशध्पंखा का भी भार सम्मिलित है। 105 के0वी0 भार से अधिक विद्युत कनेक्शन ग्रामीण शहरी पावरलूम बुनकरों को रू0 700–00 प्रति हार्स पावर प्रतिमाह की दर से अनुदान दिया जायेगा (अधिकतम् रू0 9100 प्रति कनेक्शन प्रतिमाह होगा)। योजना सिंगल फेस एवं थ्री फेस के पावरलूम बुनकर जिनका हथकरघा एवं उर्जा विभाग द्वारा संयुक्त सत्यापनों उपरान्त ही अनुमन्य होगा। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या ने दी है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।